Title: Need for early completion of Narmada Project with a view to solve drinking water problem of Gujarat. - Laid*

श्री शंकर सिंह वाघेला (कपड़वंज) : महोदय, आज सम्पूर्ण देश ही जल के संकट से घिर गया है, कहीं अधिक जल का संकट पैदा हो गया है तो दूसरी ओर जल के अभाव से जीना दूभर हो रहा है। गुजरात राज्य की जनता जल के अभाव के कारण दीन-हीन जीवन बिताने के लिए मजबूर हो चुकी है। बरसों पहले जल की समुचित व्यवस्था के लिए नर्मदा परियोजना तैयार की गई थी, जिस पर निर्माण का कार्य भी प्रारम्भ हुआ परन्तु परस्पर के विवादों और भ्रांतियों ने परियोजना के निर्माण का कार्य अधर में लटका दिया। परन्तु संतोष की बात है कि यह मुद्दा सरकार के ध्यान में है।

मेरा सरकार से, विशेष रूप से प्रधानमंत्री जी से अनुरोध है कि नर्मदा परियोजना से संबंधित विवादों, भ्रांतियों व खनिजों को दूर करने के लिए पहल करे और गुजरात राज्य में जल के गहराते संकट से जनता को राहत पहुंचाए।